हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

09 कोई गांजा पीते मिला तो कोई महुआ शराब बेचते



10 सब्जियों के दाम से लेकर किराना सामान तक हुआ महंगा





## खबर संक्षेप

### नवागांव में शिव महापुराण 10 से

**सिर्री।** ग्राम नवागांव (थूहा) के नया बाजार चौक में शिव शक्ति परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 10 से 15 फरवरी तक पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। 10 फरवरी को कलशयात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कथावाचक गंगा देवी हैं। प्रवचन का समय 1 से 5 बजे तक है। यह जानकारी राजकुमार साहू ने दी।

### नवागांव कचना में मड़ई 12 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी नवागांव कचना में मोर संगी जहुरिया मड़ाई मिलन समारोह का आयोजन 12 फरवरी को किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए राधाकृष्ण नाचा पार्टी ग्राम धुर्रे बंजारी थाना झिरिया महाराष्ट्र की प्रस्तुति होगी।

### आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस प्रोग्राम 17 से



**अंवरी।** आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा भखारा के वार्ड क्रमांक 15 में हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन 17 से 22 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 6 से 8.30 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम की विशेषता विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया है, जिसे ओस्लो विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाणित किया गया है। यह विश्व के 180 से अधिक देशों में सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। तैयारी में आयोजन समिति के हिरेन्द्र साहू, बसंत बैस, विजय सोन, डॉ बनपेला, घनश्याम वर्मा, वीरेंद्र बैस, जितेंद्र तेलासी, गोविन्द यादव, लीलाधर साहू, पार्षद गौतमी नोहरू पटेल जुटे हैं।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 17 से

**कुरुद।** संत घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी गई है। परीक्षाएं 17 से शुरू होकर 21 फरवरी तक चलेंगी। मुख्य विषयों में 17 फरवरी को जूलॉजी सुबह 9 बजे, 18 फरवरी को फिजिक्स एवं बॉटनी की परीक्षा सुबह 10:30 बजे होगी। इसी प्रकार 21 फरवरी को बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षा सुबह 11 बजे होगी। संस्थान द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पूर्व संबंधित विभाग में उपस्थित होना होगा। अपने साथ प्रायोगिक फाइल और लेखन सामग्री अवश्य लाएं। निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी छात्र की स्वयं की होगी।

जिला सहकारी बैंक ने किसानों को बांटे हैं एटीएम कार्ड, फिर भी लाइन लगाकर रुपए निकालने किसान मजबूर

# किस काम के 70 हजार एटीएम कार्ड, जब मशीन में रुपए ही नहीं

**केस 1**

जिला सहकारी बैंक की धमतरी शाखा के एटीएम से पिछले एक माह से रुपए नहीं निकल रहे हैं। यहां से हर रोज किसानों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। बताया गया है कि इस एटीएम में नगद ही नहीं डाला गया है।

**केस 2**

किसानों को दिए गए एटीएम कार्ड अन्य एटीएम में भी चलते हैं, लेकिन तकनीकी समस्या के चलते अधिकांश एटीएम से रुपए नहीं निकल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक सहित कुछ बैंकों में ही यह एटीएम काम कर रहा है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में आहरण के लिए किसानों की भीड़ कम करने के लिए जिले के करीब 70 हजार किसानों को एटीएम कार्ड बांटे गए हैं। बैंक की 10 शाखाओं में एटीएम मशीन भी लगाई गई है, लेकिन इसमें से अधिकांश एटीएम काम नहीं कर रहे हैं। किसी में तकनीकी खराबी है तो किसी में नगद ही नहीं है। मेंटनेंस के अभाव में कई एटीएम खराब पड़े हैं। ऐसे में फिर से जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में किसानों की भीड़ लग रही है। जहां दिनभर इंतजार के बाद किसानों को रुपए मिल रहे हैं।

जिले में डेढ़ लाख से ज्यादा किसान हैं, जिनका लेनदेन जिला सहकारी बैंक के माध्यम से होता है। इन किसानों को लेनदेन के लिए जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में लाइन लगाकर रुपए निकालने पड़ते थे। कई बार तो शाखाओं में इतनी भीड़ लग जाती थी कि किसानों को दिनभर इंतजार करना पड़ता था। खासकर धान खरीदी के समय या बोनस आने पर। इस समस्या को देखते हुए जिला सहकारी बैंक ने किसानों को एटीएम कार्ड बांटा है। जिले में करीब 70 हजार किसानों को एटीएम कार्ड बांटा गया है। जिलेभर में जिला सहकारी बैंक की 11 शाखाएं हैं, इनमें से 10 शाखाओं में एटीएम भी लगाए गए हैं। विडंबना यह है कि इसमें से अधिकांश एटीएम खराब है या उनमें नगद नहीं है। ऐसे में किसानों को आहरण के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### एटीएम सेंटर से निराश लौट रहे

हाल ही में किसानों ने धान बेचा है। अब किसानों को खेती किसानी के लिए रुपयों की जरूरत है। ऐसे में वे रुपए निकालने के लिए एटीएम सेंटर जा रहे हैं। वहां से निराश होने के बाद जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में मैनुअली नगद राशि निकालने पहुंच रहे हैं। यहां पर रोज किसानों की भीड़ उमड़ रही है।

# गौरव का सीआईएसएफ में चयन, दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम अरौद (ली) के गौरव ध्रुव पिता रामनारायण ध्रुव का केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में चयन होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन के बल पर गौरव ने यह मुकाम हासिल किया है। परिजनों ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है, जो अब देश की सुरक्षा में अपनी सेवाएं देगा।

मौके पर विजय ध्रुव, किरण साहू, कृष्णा निर्मलकर, सुखदेव चंद्राकर, रामरतन, ग्राम कोटवार दिनेश नागरची उपस्थित थे।

औषधि गार्डन में दुर्लभ प्रजाति सहित 60 प्रकार के पौधे लगेंगे

# औषधि पौधों से महकेगा मानव वन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सालों बाद हर्बल मानव वन एक बार फिर औषधि पौधों के गार्डन से सजेगा। इसके लिए मानव वन स्थित नर्सरी में 12 हजार वर्ग मीटर में मिट्टी फिलिंग का कार्य शुरु हो गया है। यहां दुर्लभ प्रजाति के औषधि पौधों को संरक्षित किया जाएगा। वैद्यराज तथा औषधि के जानकारों को औषधि पौधों की नर्सरी नार्मल दाम में उपलब्ध होंगे।

उल्लेखनीय है कि 15 साल पहले गंगरेल पर्यटन पैकेज के रूप में जिला प्रशासन तथा वन विभाग ने हर्बल मानव वन की नींव रखी। यहां मानव की विशाल आकृति जमीन में बनाकर उसके प्रत्येक अंग में औषधि पौधे लगाए गए। जिस-जिस अंग में जो औषधि पौधे लगाए गए थे, उस-उस अंग की बीमारी में वे पौधे उपयोगी होते थे। धीरे-धीरे मानव वन उजाड़ हो गया और हर्बल मानव वन सालों से सिर्फ नाम का रह गया है।



### दुर्लभ प्रजाति का होगा संरक्षण

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार औषधि गार्डन 12 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल पर बनेगा। इसमें पर्यटकों के लिए पाथवे बनेगा। लोग घूम- घूमकर औषधि पौधों की जानकारी ले सकेंगे। एलोविरा, सर्पगंधा, अश्वगंधा, सतावर, बहेड़ा, हर्रा, ब्रम्ही, बायबिडिंग, बीजा, साल, पोदीना, तिलपुष्पी, तुलसी, ताल मखाना, आंवला, घृतकुमारी आदि 60 प्रकार की औषधि प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे। दुर्लभ प्रजाति की औषधियों का भी संरक्षण औषधि गार्डन में किया जाएगा।

### उपलब्ध होगी औषधि पौधों की नर्सरी

डिप्टीरेंजर राजेश तिवारी ने बताया कि 35 लाख रूपए की लागत से औषधि गार्डन का निर्माण किया जा रहा है। यहां करीब 60 प्रजाति के औषधि पौधे हैं जिसकी जानकारी कुछ ही वैद्यराजों को है जबकि अनेक वैद्यराज इसकी तलाश में रहते हैं। ऐसे पौधों को गार्डन में संरक्षित करने के साथ जरूरतमंदों एवं जानकारों को नार्मल चार्ज पर उपलब्ध कराया जाएगा।

### परियोजना के बांधों में भरपूर पानी



जिले में मानसून खूब मेहरबान रहा है। गर्मी के दिनों में सूख चुके महानदी परियोजना के बांधों की तबीयत दुरूस्त है। गंगरेल बांध में 90.46 प्रतिशत जलभराव है। यहां उपयोगी पानी 24.499 टीएमसी है। माड़मसिल्ली बांध में 90.73 प्रतिशत जलभराव है। यहां उपयोगी पानी 5.190 टीएमसी है। दुधावा बांध में 90.22 प्रतिशत पानी जमा है। यहां उपयोगी पानी 9.051 टीएमसी है। सोंढूर बांध 73.35 प्रतिशत भरा हुआ है। यहां उपयोगी पानी 4.652 टीएमसी है।

# भीषण आगजनी से गरीब का आशियाना राख में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगजनी से स्टेशनपारा में एक गरीब का मकान पूरी तरह से राख हो गया। राशन, कपड़े सहित पूरा मकान जल गया। मौके पर फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। गरीब परिवार ने नगर निगम और जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

घटना शनिवार की है। स्टेशनपारा में देर शाम एक खपरैल वाले घर में भीषण आग लग गई। यह मकान पूर्णिमा नागरची था, जहां वह अपने बेटे अमन के साथ रहती थी। आगजनी के वक्त अमन कहीं गया हुआ था। देखते ही देखते आग चारों तरफ आग फैल गई और पूरे मकान को चपेट में ले लिया। भीषण आग को देखकर आसपास के लोग मदद को पहुंचे और पानी से बुझाने की कोशिश की, लेकिन वे नाकाम रहे। उन्होंने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची लेकिन तब तक मकान पूरी तरह से जलकर राख हो गया था। इस घटना के बाद पूर्णिमा का परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। स्टेशनपारा के पार्षद रामेश्वर वर्मा ने कलेक्टर से सहायता की मांग की है। सूचना मिलने पर महापौर रामू रोहरा भी पहुंचे और यथासंभव सहायता का आश्वासन दिया।





# मेला घूमने निकली नाबालिग बालिका अब तक नहीं लौटी

- थाना के सामने ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, टीआई से हुई बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



थाना नगरी क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग बालिका के लापता होने का मामला सामने आया है। हरदीभाटा निवासी ने थाना नगरी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी 16 वर्ष 7 माह की नाबालिग पुत्री 4 फरवरी 2026 की सुबह लगभग 11 बजे अपनी मां के साथ मेला घूमने जाने की बात कहकर घर से निकली थी, जिसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटी है। परिजनों ने रिश्तेदारों एवं परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन बालिका का कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों ने आशंका जताई है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर उसे कहीं ले जाया गया है।

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

जनप्रतिनिधि मुनेन्द्र ध्रुव ने बताया कि शनिवार को लापता लड़की के पिता को थाने बुलाया गया था। उसी रात्रि में उसने घटना के संबंध में टीआई से फोन से बात की। आरोप है कि बातचीत के दौरान अभद्र व्यवहार किया गया। इस घटना से नाराज होकर अगले दिन आदिवासी समाज सहित गांवों के लोग थाने पहुंचे और थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की।

थाना प्रभारी का कहना है कि जांच के दौरान कुछ संभावित स्थानों की जानकारी मिली थी, जिस पर परिजनों को पहचान के लिए ले जाया गया था। इसी प्रक्रिया के दौरान फोन पर बातचीत हुई, जिसे लेकर गलतफहमी उत्पन्न हुई है। पुलिस ने यह भी बताया कि क्षेत्र में दो नाबालिग बालिकाओं के लापता होने की सूचना थी, जिनमें से एक बालिका मिल चुकी है, जबकि दूसरी की तलाश लगातार जारी है।

एसडीओपी विपिन रंगारी ने कहा कि नाबालिग बालिका के अपहरण का मामला आया है। एक लड़की मिली है। उसके बाद उसके परिजनों को थाना ले जाया गया था। किसी बात को लेकर मुनेंद्र ध्रुव और थाना प्रभारी के बीच विवाद हुआ। जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नेशनल कुश्ती में अंडर-15 के पहलवानों का चयन



- प्रदेश के 20 बालक और 10 बालिका पहलवान तमिलनाडु में दिखाएंगे अपना जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रविवार को राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा के लिए इंडोर स्टेडियम में राज्यस्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में शामिल होने प्रदेशभर के 15 वर्ष से कम उम्र के 50 पहलवानों ने अपना दांवपेच दिखाए जिसमें से 20 बालक तथा 10 बालिका पहलवान राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती स्पर्धा में शामिल होने तमिलनाडु रवाना होंगे।

छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय चैम्पियनशिप प्रतियोगिता फ्री स्टाईल तथा ग्रीकोरोमन स्टाईल के लिए हुई। फ्री स्टाईल में प्रतियोगिता बालक वजन ग्रुप 38, 41, 44, 48, 52, 57, 62, 68, 75 एवं 85 किग्रा के लिए हुई। ग्रीकोरोमन स्टाईल के लिए भी 38, 41, 44, 48, 52, 57, 62, 68, 75 एवं 85 किग्रा के बीच हुई। राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में बिलासपुर, रायगढ़, भिलाई, दुर्ग, दंतेवाड़ा, बालोद, धमतरी, कोंडागांव, रायपुर जिले के 50 बालक एवं बालिका पहलवानों ने भाग लिया जिसमें से 20 बालक और 10 बालिका पहलवान का चयन राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा सेलम तमिलनाडु के लिए किया गया।

राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में मौजूद प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष जगन्नाथ यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने बताया कि तमिलनाडु प्रदेश के सेलम में 27 फरवरी से 3 मार्च तक राष्ट्रीय कुश्ती ओपन प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है जहां अंडर-15 के बालक-बालिका पहलवान अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इसके लिए प्रदेशभर के अंडर-15 के पहलवानों की चयन स्पर्धा रखा गया था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पहलवानों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश कुश्ती संघ के सचिव प्रशांत राव, जिला कुश्ती संघ के संरक्षक एआर थिटे, पदाधिकारी कैलाश यादव, विजय यादव, विजय यादव, रामकुमार साहू, ईश्वर पटेल, शिवा प्रधान, ननकू महराज, टिक्की निर्मलकर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे कोच मौजूद थे।

गौ विज्ञान परीक्षा में जिले से लगभग दो सौ विद्यार्थियों ने लिया भाग

# गौ विज्ञान परीक्षा एवं गौ सेवा संगम कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्वोदय इंग्लिश स्कूल में गौ विज्ञान परीक्षा और गौ सेवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल गौ माता के महत्व को जागरूक करना था, बल्कि जैविक खेती और गौ उत्पादों की उपयोगिता को भी प्रमुखता से प्रदर्शित करना था। सामूहिक आरती के बाद हवन हुआ।

गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी ने कहा कि इस विशेष अवसर पर गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है ताकि हमारे छात्र-छात्राओं को गौ माता के महत्व के बारे में जानकारी मिल सके। यह परीक्षा न केवल गौ माता की महत्ता को समझाने का अवसर है, बल्कि जैविक खेती और गौ उत्पादों के महत्व को भी उजागर करती है, जो हमारे समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभय कुंभकार प्रांत प्रचारक ने कहा कि आज हमारे राज्य के विभिन्न जिलों में गौ विज्ञान परीक्षा हो रही है और यह निश्चित रूप से हमारे बच्चों को न केवल गौ माता के महत्व से अवगत कराएगा, बल्कि हमारी पारंपरिक खेती को भी संरक्षित रखने में मदद करेगा।

विशिष्ट अतिथि राजेश साहू औषधि विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत की कृषि प्रणाली गौ माता पर आधारित है। अगर हम अपनी पारंपरिक कृषि पद्धतियों को सहेज कर रखें, तो यह हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत लाभकारी होगा।

अध्यक्षता कर रहे श्याम अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को गौ माता की पूजा और सेवा करनी चाहिए, ताकि हमारी सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित रहे।

मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर बीज विकास निगम अध्यक्ष ने कहा कि हमें अपने घरों में गाय रखने की आदत डालनी चाहिए, ताकि हम प्राकृतिक खेती और गौ उत्पादों का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में जैविक खेती और गौ सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रमुख व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें अनिल अग्रवाल, प्रिंस गोलछा, रमन साहू, खेमलाल साहू और पूर्णानंद पटेल शामिल हैं। इसके अलावा आयोजन में सहयोग देने वाले तिहारू सिन्हा, विनोद पांडे, शेष नारायण गजेन्द्र को भी सम्मानित किया गया। इस गौ विज्ञान परीक्षा में जिले से लगभग दो सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। पूरे छत्तीसगढ़ में लगभग डेढ़ लाख परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा में अपनी सहभागिता दर्ज की। मंच संचालन शोभा दुबे और शेष नारायण गजेन्द्र तथा आभार व्यक्त रेखा शर्मा द्वारा किया गया। इसके अलावा रजनी यादव, सना खान, मोनाथिटे, अल्का सोनी, भीलेश्वरी साहू, रेखराज साहू, ठलेन्द पटेल, दुर्गा देवांगन, विनय साहू, ज्योति रामटेके, जसवीर कौर, गायत्री साहू भी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### प्रधानपाठक ने बाल कल्याण कोष में 5 हजार देने की घोषणा की

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला लड़ेर में पदस्थ प्रधानपाठक आरके कौशल ने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज दिया। प्रधानपाठक ने बच्चों को वॉटर बॉटल प्रदान किया साथ ही बाल कल्याण कोष में शाला विकास हेतु 5000 की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर शाला विकास समिति के प्रतिनिधि के रूप में लक्ष्मण निषाद, साहू मैडम, शिक्षक कलेश्वर ध्रुव, महेंद्र कुमार सिन्हा, डुमेश्वरी निषाद, मोतीराम निषाद सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

### पुलिस ने की 17 लीटर शराब जब्त, दो कोचियों पर कार्रवाई

**कांकेर।** कोतवाली पुलिस कांकेर शराब कोचिया से 10 और आमाबेड़ा पुलिस ने 07 लीटर अवैध शराब को जप्त किया गया। दोनो आरोपियों को पुलिस ने गिरफतार कर आबाकरी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 07 फरवरी को शहर में शराबियों, नशेड़ियों, गंजेड़ियों एवं अवैध शराब कारोबारियों पर निगरानी रखते हुए थाना कांकेर पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम ढेकुना स्थित गौशालापारा शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब बेच रहा है। जानकारी की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी गुलेश्वर जैन पिता बिटठ्ल जैन उम्र 59 वर्ष निवासी ठेकुना को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से कुल 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गए। आरोपी के विरुद्व धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया एवं विधिवत कार्यवाही के उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आमाबेड़ा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आमाबेड़ा में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है।

**निधन**

### हरिराम ध्रुव



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सरबदा निवासी हरिराम ध्रुव 55 वर्ष का निधन 6 फरवरी शुक्रवार को हो गया। वे हिरेन्द्र ध्रुव के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सरबदा के शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सुरजीत कौर अहलूवालिया



**धमतरी।** प्रियदर्शनीय नगर रायपुर निवासी श्रीमती सुरजीत कौर अहलूवालिया (बबली दीदी) 65 वर्ष का निधन हो गया। देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे सिर्री (कुरुद) के स्व. स. जशवंत सिंह गुरुदत्ता की पुत्री, स्व. गुरमीत सिंह अहलूवालिया की पत्नी व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी राशि ओबेरॉय, असीम अहलूवालिया की मां थीं।

भाजपा नेताओं ने बताई केंद्र सरकार की इस योजना की खासियत

# कांग्रेस कर रही वीबी जी-राम-जी योजना के बारे में भ्रामक प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



गीतेश्वरी साहू



आनंद यदु

कांग्रेस वीबी जी-राम-जी योजना के बारे में भ्रामक प्रचार कर रही है। इस योजना में मनरेगा के मुकाबले ज्यादा रोजगार और त्वरित भुगतान की व्यवस्था की गई है। महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत के विकास के लिए उसके गावों का विकास आवश्यक है और केंद्र सरकार की नई योजना राष्ट्रपिता के सपनों को साकार करने वाली साबित होगी। उक्त बातें जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमन्त साहू एवं सभापति आनंद यदु ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (वीबी जी-राम- जी) योजना के विरोध पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस योजना में कोई खराबी नही है। केंद्र सरकार ने वीबी जी-राम-जी रोजगार योजना में बहुत सी ऐसी त्रुटियों को दूर करने की कोशिश की है, जिसकी शिकायत पहले से चल रही मनरेगा नाम की स्कीम में देखी जा रही थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भारत को 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल करना है और इस लक्ष्य की प्राप्ति गांवों के विकास के बगैर संभव नही है। उन्होंने कहा कि बारीकी से अध्ययन करें तो मनरेगा में जहां 100 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलती थी, वहीं यह नई योजना 125 दिनों के रोजगार को सुनिश्चित करती है।

पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सभापति यदु ने कहा कि मनरेगा में काम करने वालों को भुगतान विलंब से मिलता था, वहीं नई योजना सात दिन के अंदर भुगतान की गारंटी देती है। उन्होंने कहा कि वीबी जी-राम-जी योजना रोजगार के साथ मौसमी समस्याओं से जूझने और बुआई के मौसम में किसानों को श्रमिक उपलब्ध कराने जैसे समाधान भी पेश करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष के पास योजना में खामी निकालने का कोई महत्वपूर्ण तर्क नही है, उन्हें तो इस बात का मलाल है कि इसके नाम में राम शब्द क्यों शामिल है।

### हेमंत ने चौथे प्रयास में उत्तीर्ण की नेट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के वाणिज्य विभाग के पूर्व छात्र हेमन्त पिता ढेलूराम ने यूजीसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) दिसम्बर 2025 की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। विदित हो कि नेट की परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्य करने की पात्रता परीक्षा होती है। हेमंत ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों व मित्रों को दिया है। गौरतलब है कि हेमंत ने चौथे प्रयास में ही नेट की परीक्षा सफलता प्राप्त की है। पूर्व में दो प्रयास में केवल पीएचडी एडमिशन क्वालीफाई हुआ था और तीसरे प्रयास जून 2025 में महज एक प्रश्न के अंतर से चूके थे। लेकिन इस बार कड़ी मेहनत व लगन ने उन्हें

## भाजपा अजा मोर्चा ने संत रविदास को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति के नेतृत्व में ग्राम सिर्री में 6 फरवरी को संत रविदास को स्मरण कर नमन किया गया। उनके छायाचित्र पर पुष्पहार अर्पण किया गया। मौके पर धनेश बंजारे जिलाध्यक्ष अजा मोर्चा, सुनील गायकवाड़ जिला उपाध्यक्ष अजा मोर्चा, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल, कुलेश्वरी गायकवाड़ जिला पंचायत सदस्य, राजू सिन्हा, घनश्याम साहू, सुरेश साहू, झागेश्वर ध्रुव पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी कुरूद, सरपंच देशांत सिन्हा, लेखराम सिन्हा, जागेश्वर सिन्हा, नरेंद्र ध्रुवंशी अध्यक्ष दर्रा सोसायटी, रिखी कुर्रे उपस्थित थे।

# संतुलित पशु आहार से पशुपालकों की आय में होगी वृद्धि : डा. लोकेश

- सिर्री में पशु प्रबंधन एवं उत्पादन पर दो दिवसीय शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग छग तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में यूरिया मोलासिस मिनरल ब्लॉक एवं संतुलित पशु आहार निर्माण की तकनीक, पशु आहार प्रबंधन एवं उत्पादन विकास विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम सिर्री में हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य पशुपालकों, कृषकों एवं संबंधित क्षेत्र के हितग्राहियों को वैज्ञानिक पद्धति से पशु आहार निर्माण, पोषण प्रबंधन एवं उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा पशुओं के संतुलित आहार, यूरिया मोलासिस मिनरल ब्लॉक के निर्माण, उसके लाभ तथा पशुधन उत्पादन में इसकी भूमिका पर विस्तृत जानकारी



दी गई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि चंद्रशेखर साहू कृषि स्थायी सभापति जपं कुरूद, डॉ लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल एवं देशांत सिन्हा सरपंच ने पशुपालन क्षेत्र में वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संतुलित पशु आहार न केवल पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करता है, बल्कि दुग्ध उत्पादन एवं किसानों की आय में भी वृद्धि करता है। विशिष्ट अतिथियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को समयानुकूल एवं किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक प्रदर्शन, तकनीकी सत्र एवं सहभागियों के साथ संवाद भी किया गया, जिससे प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से सीखने का अवसर मिला।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ मनोज गेंदले अधिष्ठा एवं विभाग अध्यक्ष पशु पोषण विभाग ने बताया कि प्रशिक्षण में पशुपालकों को मिनरल ब्लॉक, संतुलित पशु आहार तैयार करना सिखाया जायेगा, जिसका उपयोग कर पशु के दूध उत्पादन क्षमता में वृद्धि एवं शारीरिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में सहयोजक डॉ. रामचंद्र रामटेके सहायक प्राध्यापक, डॉ. काशीराम बघेल, डॉ. सोनाली, डॉ. सब्बीर अनंत विश्वविद्यालय व विखं कुरूद से डॉ. भूपेंद्र सिन्हा, डॉ. अनुराधा, डॉ. तरुण एवं श्रीमती भूमिका समेत बड़ी संख्या में पशुपालक एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त प्रपा ने ली पेंशनर्स समाज की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सेवानिवृत्त प्रपा यशवंत कुमार साहू पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी में उपस्थित हुए, जहां उन्होंने पेंशनर्स समाज की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर तहसील शाखा अध्यक्ष आरएल देव ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें श्रीफल भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पेंशनर्स साथियों ने श्री साहू के सुखमय जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# खेल, संस्कृति व शिक्षा के संगम ने मोहा मन

- सेजेस भखारा बन रहा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र : ज्योति
- सेजेस भखारा में वार्षिक उत्सव एवं स्नेह समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

बिसाहूसिंह गौर शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस भखारा में वार्षिक उत्सव एवं स्नेह समारोह हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नपं अध्यक्ष ज्योति हरख जैन रहीं। अध्यक्षता प्राचार्य डीके चौधरी ने की। अन्य अतिथि ईश्वर साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, विष्णु साहू नपं उपाध्यक्ष, मेघनाथ साहू पार्षद, ममता चंद्राकर, डॉ. मोहन हरदेव, बिंझवारराम साहू, खेमलता साहू, परदेसी कंवर, छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू पार्षदगण, चेतन साहू, वीरेंद्र साहू पूर्व शिक्षकगण थे।







मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार होते हैं। सेजेस भखारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेलकूद गतिविधियों की सराहना की। पालकों को बच्चों से सतत संवाद की सलाह दी। उन्होंने पढ़ाई के लिए खूब मेहनत करने और नशापान से दूर रहने का आह्वान किया। इस वर्ष विद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, अवार्ड पुरस्कार प्रदान किए गए। विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत, प्रसंग एवं नाटक की मनमोहक प्रस्तुतिया देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

प्राचार्य श्री चौधरी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय का इतिहास बताया। प्राचार्य ने अतिथियों को विभिन्न मांगों से अवगत कराया। शाला परिवार ने पेयजल की समस्या दूर करने पर अध्यक्ष का आभार जताया।

अमेठी में आयोजित कोसरिया यादव समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए महापौर

# शिक्षित और संगठित समाज ही प्रगति करता है : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





ग्राम अमेठी स्थित ब्रजधाम यादव समाज भवन में छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज पाली का वार्षिक अधिवेशन हुआ। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। समाजजनों ने महापौर का पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

अधिवेशन के दौरान समाज की एकता, संगठन की मजबूती, शिक्षा का प्रसार, सामाजिक समरसता तथा युवाओं की सक्रिय भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि यादव समाज सदैव मेहनत, अनुशासन और संगठन की मिसाल रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है जब वह शिक्षित, संगठित और जागरूक होता है। महापौर ने समाज के युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने तथा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। आगे कहा कि इस प्रकार के अधिवेशन समाज को दिशा देने के साथ-साथ आपसी समन्वय, विचारों के आदान-प्रदान और सामाजिक एकजुटता को भी सुदृढ़ करते हैं। अधिवेशन के दौरान समाज की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई तथा समाजहित में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बनी।

# कथक नृत्य में राहुल को दूरदर्शन रायपुर से बी-ग्रेड कलाकार की मिली मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)

ग्राम चिटौद के होनहार कलाकार राहुल साहू ने कथक नृत्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर गांव, जिला और प्रदेश का मान बढ़ाया है। बालोद जिले के गुरूर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिटौद निवासी राहुल साहू को दूरदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा कथक नृत्य में बी-ग्रेड कलाकार की मान्यता प्रदान की गई है। इस अवसर पर प्रसार भारती के अंतर्गत दूरदर्शन रायपुर ने उन्हें प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।





राहुल ने बताया कि दूरदर्शन की ग्रेडिंग प्रक्रिया अत्यंत कठिन होती है, जिसमें विशेषज्ञों के पैनल के समक्ष तकनीकी, लय, भाव-भंगिमा और शास्त्रीय ज्ञान की गहन परीक्षा ली जाती है। देश के विभिन्न राज्यों और छत्तीसगढ़ के कई जिलों से आए कलाकारों के बीच उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। सामान्य कृषक परिवार से आने वाले राहुल ने बचपन से ही कला के प्रति रुचि दिखाई और आज अपनी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुओं को दिया। गांव व क्षेत्र में उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष का माहौल है।

# रासेयो से स्वावलंबी बनने की प्रेरणा मिलती है

- फरसियां स्कूल में रासेयो ए प्रमाण-पत्र परीक्षा हुई, 51 स्वयंसेवक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में सत्र 2025-26 के लिए ए प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। प्राचार्य नीरज सोन के मार्गदर्शन व कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू और सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल सिंह साहू निर्देशन में आयोजित ए प्रमाण पत्र परीक्षा में कक्षा 12 वीं के 51 स्वयंसेवक



परीक्षा में सम्मिलित हुए।

प्राचार्य श्री सोन ने बताया कि रासेयो का आदर्श वाक्य मैं नहीं, तुमलोकतांत्रिक जीवन के सार को दर्शाता है और निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता को बल देता है। रासेयो छात्रों को दूसरों के दृष्टिकोण को समझने और सराहने में मदद करता है और साथ ही अन्य जीवित प्राणियों के प्रति सहानुभूति दिखाता है। रासेयो से जुड़ने से छात्र- छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास होता है व स्वावलंबी बनने की प्रेरणा मिलती है। व्याख्याता देवयानी सोम, शिल्पा मानिकपुरी व गीतिका निषाद ने भी अपने विचार रखे। स्वयंसेवक कुसुमलता ध्रुव, चित्ररेखा कश्यप, खेमन साहू, पुष्कर साहू, अर्चना भारद्वाज, भूपेश निर्मलकर, ओजस्विनी निषाद ने दो वर्षों तक विद्यालय में रासेयो के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि रासेयो शिविर हमारे जीवन के सबसे अमूल्य क्षणों में से एक था। रासेयो से जुड़ने से हमारे भीतर परस्पर भाईचारा, अनुशासन की भावना, एक दूसरे का परस्पर सहयोग, नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ।

स्टॉलों में मापन, अनुमान, गणना तथा खरीद-बिक्री की प्रक्रियाओं का हुआ प्रदर्शन

# मापन मेला में बच्चों ने व्यावहारिक तरीके से सीखा गणित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

संकुल केंद्र बेलौदी अंतर्गत प्राथमिक शाला खैरझिटी में गणित विषय को रोचक और व्यवहारिक बनाने के उद्देश्य से मापन मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में गणित की कठिन अवधारणाओं को सरल एवं रोचक तरीके से समझाना था, जिससे वे करके सीखने की प्रक्रिया से जुड़ सकें।

कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए संस्था के प्रधानपाठक मनोज कुमार साहू ने बताया कि मापन मेला के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर प्रदान किया गया, जहां वे स्वयं





विभिन्न स्टॉलों पर जाकर गतिविधियों में भाग लेते हुए गणितीय अवधारणाओं को समझ सके। इस आयोजन का मार्गदर्शन संकुल प्राचार्य वेदप्रकाश साहू, संकुल समन्वयक घनश्याम साहू, भूपेंद्र कुमार साहू एवं प्रमेशदीप मानिकपुरी द्वारा किया गया।

मेले का उद्घाटन प्रधानपाठक खिलेश्वर कश्यप (माध्यमिक शाला खैरझिटी), ममता साहू मैडम (धौराभाठा) एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। मेले में बच्चों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से मापन, अनुमान, गणना तथा खरीद–बिक्री की प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। इससे बच्चों को पैसों के लेन-देन एवं बिल निर्माण की व्यवहारिक समझ मिली।

उद्घाटन अवसर पर ममता साहू ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में गणित के प्रति भय को कम करती हैं और उनकी समझ को स्थायी बनाती हैं। बच्चों ने फीता एवं पैमाने से लंबाई मापना, बर्तनों से द्रव मापन करना तथा अनुमान के बाद सटीक मापन करने का अभ्यास किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अजीम प्रेमजी एक्स फाउंडेशन के सुजीत, सहायक शिक्षक नोहर सिंह कंवर, ओमप्रकाश साहू, सीमा का विशेष सहयोग रहा। मौके पर संकुल समन्वयक भूपेंद्र साहू कुंडेल, प्रमेश मानिकपुरी, भोथीडीह सांकरा, घनश्याम साहू बेलौदी , ममता साहू, मानकुंवर वर्मा, हेमा कुंभकार समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही मिलती है सफलता

- श्रृंगी ऋषि स्कूल में हुआ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शासकीय श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और प्रधानमंत्री के प्रेरक संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के पश्चात महेन्द्र नेताम अध्यक्ष भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं जनजाति समाजसेवी ने बच्चों से आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन तथा परीक्षा को तनाव नहीं बल्कि अवसर के रूप में लेने की अपील की। नियमित अध्ययन,





अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। जनपद उपाध्यक्ष हृदयलाल साहू ने कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास एवं कर्तव्यबोध को जागृत करने की दृष्टि से यह उपयोगी कार्यक्रम है।

मौके पर दिनेश्वरी नेताम पूर्व जनपद अध्यक्ष, हृदय साहू जनपद उपाध्यक्ष, तुलसीराम साहू अधिवक्ता, रूपेन्द्र साहू समाजसेवी, दीनदयाल यादव, केआर साहू बीईओ, एसके प्रजापति प्राचार्य सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दूरसंचार कार्यालय के पास चला स्वच्छता अभियान

**कांकेर।** जन सहयोग संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत दूरसंचार कार्यालय से लेकर बच्चों के निको पार्क तक सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान कई घंटे तक चलाया गया, जिससे इस क्षेत्र की तस्वीर ही बदल गई। अभियान में संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, धर्मेंद्र देव, भूतपूर्व सैनिक टेश्वर जैन, डॉ. श्याम देव, सागर देव, संजय कुंजाम, अनुपा गोटी, अनुपा वट्टी, तनीषा सलाम, आरती कोरेटी, यामिनी मरकाम ,लता कोरेटी, आरती मंडावी आदि ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता कार्य को पूर्णता तक पहुंचाया।

### दो दिवसीय वार्षिक कोरर मेला आज से

**कोरर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष दो दिवसीय वार्षिक मेला की शुरूआत आज 9 फरवरी सोमवार से होगा। व्यापारी जगह देखकर अपनी-अपनी दुकान लगाने में लगे हुये है। इस वर्ष आकाश झूला, टोरा-टोरा, ब्रेक डाँस, नाव झूला सहित बच्चों के विभिन्न प्रकार के झूले में लग गए है, जो आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहता है। अंचल का बड़ा मेला होने से लगभग 40 से 50 गाँव के लोग धूमधाम से मेला में शामिल होते है। मेला में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी के अलावा आसपास क्षेत्र के व्यापारी दुकान लगाते है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह 10 को

**दुर्गुकोंदल।** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 10 फरवरी को प्रातः 10 बजे खेल मैदान गोविंदपुर में आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पूरे कांकेर जिले से कुल 251 बेटियों का विवाह संपन्न होना है। विकासखंड अंतर्गत कुल 29 जोड़े इस आयोजन में विवाह बंधन में बंधेंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता प्रदान करना है, जिससे उन्हें सामाजिक सम्मान के साथ विवाह का अवसर मिल सके।

### परीक्षाएं इसी माह से, नहीं रूक रही डीजे की आवाज

**पखांजुर।** बोर्ड की परीक्षाएं इस महीनें से शुरू होने जा रही है, ऐसे में पखांजुर अनुभाग क्षेत्र में तेज आवाज वाले डीजे बच्चों की पढ़ाई में गंभीर बाधा बन रहे है। दिन-रात हो रहे शोर से छात्र मानसिक तनाव में हैं और परीक्षा की तैयारी प्रभावित हो रही है। स्थानीय अभिभावकों की मांग है कि शासन-प्रशासन तेज आवाज वाले सभी डीजे पर कड़ी नजर रखते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई करे, ताकि विद्यार्थियों को शांत माहौल मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।

### चिहरो में 13 से दो दिनी वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत चिहरो में वार्षिक मेला 13 एवं 14 फरवरी को दो दिवसीय में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम में रंगलहर लोक रिकाडिंग संस्था ग्राम खलारी, बालोद द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। संस्था द्वारा लोकगीत, नृत्य एवं पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा। मेले में स्थानीय व्यापारियों द्वारा दुकानें, खानपान एवं अन्य सामग्री के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

पुलिस ने तीन मामलों में चार आरोपियों पर की कार्रवाई

# कोई गांजा पीते मिला तो कोई महुआ शराब बेचते

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






खुलेआम गांजा पी रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके अतिरिक्त दो अन्य मामलों में तीन युवक को गिरफ्तार किया गया है। इन मामलों में आरोपी कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़े गए हैं।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर पुलिस पूरे जिले में अवैध शराब, नशाखोरी के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी के तहत मादक पदार्थ सेवन, अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री के मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पहला मामला थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। स्टेशनपारा स्थित निर्माणाधीन रेलवे ट्रैक के पास 22 वर्षीय मनीष कोर्राम खुलेआम गांजा पी रहा था। पुलिस ने उसे रंगेहाथ पकड़ा। उसके पास से 5.3 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ, नगदी रकम, मोबाइल फोन एवं सेवन में प्रयुक्त सामग्री जप्त की । आरोपी के विरुद्ध धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। दूसरा मामला थाना मगरलोड क्षेत्र का है। देहात पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम जामली के पास विजयपुर जामली कच्चे रास्ते पर बिना नंबर की हीरो होंडा स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल को रोका गया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर रखे सफेद जरीकेन में 9 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब पाई गई। आरोपियों द्वारा शराब बिक्री हेतु परिवहन करना स्वीकार किया गया। इस मामले में लोमन साहू उम्र 39 वर्ष और गंगाधर नेताम उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी ग्राम जामली के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। तीसरा मामला थाना केरेगांव क्षेत्र का है। ग्राम नयापारा कुकरेल में पुरूषोत्तम निषाद अपने घर के पास अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री कर रहा था। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। आरोपी के कब्जे से 3.20 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब एवं बिक्री रकम सहित कुल 520 रूपये जप्त कर किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(ए) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## प्रभु राम ने अपना संपूर्ण जीवन मर्यादा में रहकर बिताया : कविता



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम कुरमातराई में मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर थीं। अध्यक्षता जनपद सदस्य श्रीमती भारती चंद्रहास साहू ने की।

श्रीमती बाबर ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रभु श्रीराम चंद्र हमारे आदर्श हैं। उन्हें हम मर्यादा पुरुषोत्तम राम के नाम से भी जानते हैं। मर्यादा शब्द की उपाधि प्रभु को इसलिए प्राप्त हुई क्योंकि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मर्यादित रहकर अपने माता-पिता और छोटे बड़े लोगों का सम्मान करते हुए व्यतीत किया। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह जो मनुष्य तन प्राप्त हुआ है, इसे मोक्ष व मुक्ति तभी प्राप्त हो सकती है जब हम धर्म के रास्ते पर चलें। जनपद सदस्य भारती साहू ने कहा कि आज हर व्यक्ति को अपनी ज़िंदगी में कुछ समय निकालकर भगवान के प्रति आस्था रखनी चाहिये। आभार प्रदर्शन सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू ने किया। मौके पर उपसरपंच खिलेंद्र साहू, भीषम साहू, चंद्रहास साहू, सुदर्शन साहू, सियाराम साहू, बाबूराम साहू, शेषनारायण साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## उपहार ग्रुप ने सिहाद की बेटी का किया सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भखारा क्षेत्र के ग्राम सिहाद निवासी जरूरतमंद परिवार की बेटी चुनेश्वरी के विवाह अवसर पर बेटी को उपहार ग्रुप धमतरी द्वारा मानवीय संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल प्रस्तुत की गई। पिता के निधन के कारण उत्पन्न पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए बेटी की माँ सविता बाई एवं मौसी भूमिका ने ग्रुप से सहयोग का अनुरोध किया, जिसे ग्रुप की सदस्यों ने सामूहिक जिम्मेदारी मानते हुए सहर्ष स्वीकार किया।

एक संक्षिप्त कार्यक्रम में पारंपरिक वैवाहिक रस्में विधिवत निभाई गईं। कार्यक्रम की शुरुआत तिलक से हुई। इस अवसर पर श्रीमती रूपांशी गोयल ने बेटी की घरवा रस्म संपन्न की। उन्होंने चुनेश्वरी को बिछिया, पायल, ईयररिंग्स, नाक की लौंग, विवाह की साड़ियां, श्रृंगार सामग्री एवं शगुन राशि भेंट कर अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद दिया। इसके पश्चात खोल भरने की रस्म में ग्रुप की अन्य सदस्यों ने भी विवाहोपयोगी वस्तुएं, आभूषण, घरेलू सामग्री, वस्त्र, मिठाई एवं शगुन प्रदान किया।

ग्रुप की संयोजिका डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि वर्ष 2016 से बेटी को उपहार ग्रुप जरूरतमंद बेटियों के विवाह में सहयोग कर रहा है। अब तक ग्रुप द्वारा 19 बेटियों को विवाह पूर्व आवश्यक सामग्री एवं सहयोग प्रदान किया जा चुका है।

## शिक्षा, समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव : रोहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- नवीन महाविद्यालय कण्डेल में स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

शासकीय नवीन महाविद्यालय कण्डेल में स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। समारोह को संबोधित करते हुए महापौर रामू रोहरा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं सामाजिक दायित्वों में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने महाविद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरों पर उत्साह एवं आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से झलक रहा था। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने भी अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने तथा जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।

## श्रीराम का जीवन त्याग, कर्तव्यनिष्ठा की अनुपम मिसाल : डा. लक्ष्मी



- बिरझुली में तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम बिरझुली (सिंगपुर) में 6 फरवरी से त्रि-दिवसीय संगीतमय मानस गान सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच पुष्पलता रामायण सिंह रहीं। अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष बुधराम ध्रुव ने की । विशिष्ट अतिथि ग्राम पटेल विष्णुराम सिंह थे।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा. लक्ष्मी ध्रुव थीं। अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड के अध्यक्ष विनीत बाफना ने की। सम्मेलन में विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा रामचरित मानस पर आधारित मानस गान, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

अपने उद्बोधन में पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, सत्य, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्शों की अनुपम मिसाल है। श्रीराम का चरित्र हमें संयम, सेवा, न्याय और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है।

यदि हम उनके आदर्शों पर चलें, तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा, बल्कि समाज भी एक सशक्त, संस्कारित और नैतिक दिशा में आगे बढ़ेगा।

## अच्छी पढ़ाई कर विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन करें : कुर्रे



- महाश्वेता विद्यालय थूहा में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



महाश्वेता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थूहा में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रुमानसिंह कुर्रे सदस्य जपं कुरुद रहे। अध्यक्षता लोमेश्वर ध्रुव सरपंच थुहा ने की। विशिष्ट अतिथि परमानन्द कुर्रे पूर्व अध्यक्ष पालक समिति, गोपेश मेहता पुरेना, अशोक कुमार जोरातराई, सुधीर तारक जोरातराई, भोजराम साहू भैंसबोड़, परमानन्द कुर्रे बंगोली, ललित साहू, समिति सदस्य योगेश्वरी साहू नवागांव, अगेश्वरी जांगड़े अंवरी, निशा टंडन बंगोली, कुसुमलता बंजारे बगोली रहे।

मुख्य अतिथि रुमान सिंह कुर्रे ने अपने उद्बोधन में बच्चों व पालकों को नशामुक्त रहने की बात कही, साथ ही पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद पर ध्यान देने कहा।

साथ ही अच्छी पढ़ाई कर अपने विद्यालय व माता पिता का नाम रोशन करने के लिए कहा। विद्यालय को एक कम्प्यूटर देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि योगेश्वरी साहू बालिका शिक्षा पर बच्चों को सम्बोधित किया। शिक्षण सत्र 2024-25 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से पेन व फाइल प्रदान की गई। संस्था प्रधान एमके साहू ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## अछोटी में मानसगान स्पर्धा का समापन, आज मड़ई



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम अछोटी में नव जागृति युवा मंच एव ग्रामवासियों के सहयोग से 6 से 8 फरवरी तक संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 7 फरवरी को बतौर मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर पहुंचे। उन्होंने भगवान श्रीराम को आदर्श मानते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने की बात कही। इनके अलावा डा. लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल ने भी मानस मंच को संबोधित किया। स्पर्धा में विभिन्न मानस मंडलियों ने प्रस्तुति दी और भगवान राम की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर डा. लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिपं धमतरी, ललिता भतपहरी जनपद सदस्य, पूरण घृतलहरे सरपंच अछोटी, थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल, पुरानिकराम साहू, उपसरपंच आनंद साहू, शेखन साहू सरपंच गातापार, रामाराम साहू, रजऊराम, राजकुमार, टोके चंद्राकर, मोहर लाल, पुसऊ, सुरेश, कृपा, गैंदलाल, नकुल, रोहित, गैंदी साहू पंच, खिलेश्वरी साहू पंच, निर्मल यादव पंच, नेमा मानिकपुरी, विश्वासा साहू समेम अन्य उपस्थित थे। 9 फरवरी को गांव में मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में दुष्यंत हरमुख कृत रंगझरोखा की प्रस्तुति होगी।

## मनोनयन पर प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दानीटोला साहू समाज के सक्रिय सदस्यों को जिला साहू समाज में विभिन्न पदों पर मनोनीत कर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

मनोनीत सदस्यों में दानीटोला परिक्षेत्र के पूर्व संरक्षक बंशाी लाल साहू की पुत्रवधू श्रीमती अंजली साहू को जिला साहू समाज उपाध्यक्ष (सांस्कृतिक प्रकोष्ठ) की जिम्मेदारी सौंपी गई। श्रीमती चंद्रिका साहू को जिला साहू समाज महिला प्रकोष्ठ सदस्य, हरिशंकर साहू को जिला साहू समाज व्यापारी प्रकोष्ठ सदस्य तथा हरलाल साहू को भी जिला साहू समाज व्यापारी प्रकोष्ठ सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर रामकुमार साहू तहसील शहर उपाध्यक्ष, मदन साहू अध्यक्ष, दानीटोला परिक्षेत्र एवं कोमल साहू अध्यक्ष दानीटोला साहू समाज ने मनोनीत सदस्यों के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## श्री गजानन महाराज प्रकट दिन महोत्सव मना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मराठापारा स्थित पाण्डूरंग निवास में घोरपड़े परिवार द्वारा आयोजित श्री गजानन महाराज के प्रकट दिन महोत्सव का आयोजन रविवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। यह आयोजन 8 फरवरी रविवार को हुआ।

प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक श्री गजानन महाराज का विधिपूर्वक अभिषेक एवं परायण हुआ। भक्तों की भक्ति और श्रद्धा ने माहौल को अत्यंत उल्लासित बना दिया। इस धार्मिक आयोजन में शहरभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक महाप्रसाद वितरण किया गया, जिसमें नगर व आसपास के क्षेत्र के भक्तों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यह आयोजन धार्मिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने का संदेश देने वाला था।

कार्यक्रम के आयोजक रजनी घोरपड़े, प्रशांत चेतना घोरपड़े और दुष्यंत भावना घोरपड़े ने श्रद्धालुओं को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। आयोजन के दौरान श्री गजानन महाराज के भक्तों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली।

इस अवसर पर प्रमोद राव, जयश्री नन्नावरे, जिज्ञासा घोरपड़े, प्रशांतराव घोरपड़े, समर्थ घोरपड़े, तनुजा घोरपड़े, मारुति घोरपड़े, मीनाक्षी पवार, अपर्णा चौहान, ऋषभ राव घोरपड़े, आशा जगताप, उर्मिला जाचक, उज्जवला शिंदे, स्नेहा रणसिंह, अवंतिका रणसिंह, अंजना ठाकुर, दीपक सिंह ठाकुर, भारती गायकवाड़, महेश राव गायकवाड़, नीरज रणसिंह, राजेश यादव, नवीन जाचक सहित कई भक्त उपस्थित थे।

## जिले के शिक्षकों ने खेल-खेल में सीखी विज्ञान-गणित की नवीन अध्यापन तकनीक

**नगरी।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 28 से 30 जनवरी 2026 तक भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), पुणे में तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला आयुक्त किरण कौशल के मार्गदर्शन, उपसंचालक डी.के. सारस्वत, सहसंचालक मंजूलता साहू एवं एपीसी राजेश सोनकर के निर्देशन तथा एपीसी बसंत वर्मा के नेतृत्व में हुई। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य के 100 चयनित शिक्षकों ने भाग लिया, जिनमें धमतरी जिले से 5 शिक्षक सहभागी बने। धमतरी जिले से विकासखंड नगरी अंतर्गत श्रीमती सुषमा अडील (माध्यमिक शाला पंडरीपानी माल) एवं मनोज पटेल (माध्यमिक शाला घटुला), विकासखंड धमतरी से हितेश साहू (माध्यमिक शाला सांकरा) तथा विकासखंड कुरूद से शकुंतला कंवर एवं रामनारायण साहू ने कार्यशाला में सहभागिता की।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## मकेश्वर वार्ड में 10 से मानसगान सम्मेलन

**धमतरी।** मकेश्वर वार्ड सिहावा चौक स्थित अर्द्धनागेश्वर मंदिर के समीप 10, 11 एवं 12 फरवरी को छत्तीसगढ़ स्तरीय त्रि-दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारंभ 10 फरवरी को प्रातः पूजा-अर्चना के साथ होगा। तीन दिन तक प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाली मानस मंडलियां मंच पर रामचरितमानस का सुमधुर गायन प्रस्तुत करेंगी।

## मोबाइल लौटाकर की मदद



**धमतरी।** अधारी नवागांव निवासी शिवकुमारी नागरची का मोबाइल शहर के सदर मार्ग पर गुम हो गया था जिसे ट्रक यूनियन कमेटी मेंबर व राजपूत समाज के युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह ठाकुर ने देखा। पतासाजी उपरांत अभिषेक ने शिवकुमारी के निवास पहुंचकर उनकी पोती विधि नागरची को मोबाइल सौंपकर मानवता की मिसाल पेश की।

## गैरहाजिर सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी को उपस्थित होने नोटिस

**दंतेवाड़ा।** व्यवहार न्यायालय सुकमा में पदस्थ स्थापना सहायक ग्रेड-2 लिपिक केश कुमार सोनकर को सूचित किया गया है कि 6-7 माह पूर्व से निरंतर बिना किसी सूचना एवं आवेदन पत्र के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण विभागीय जांच संस्थित की गई है जो कि कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष लंबित है। उक्त विभागीय जांच में उपस्थित होने हेतु लिपिक केश कुमार सोनकर को अनेक बार रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से नोटिस प्रेषित किया गया है, किन्तु नोटिस का उक्त लिपिक के दिये गये स्थाई एवं अंतिम ज्ञात पते पर न रहने की टीप सहित वापस किया गया है। उपरोक्त लिपिक को निर्देशित किया गया है कि 7 मार्च को दोपहर 2 बजे उक्त विभागीय जांच प्रकरण की सुनवाई हेतु कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** थाना बासागुड़ा क्षेत्रांतर्गत 3 जनवरी 2026 को ग्राम गगनपल्ली व मुरकीपाड के जंगल पहाड़ में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। घटनास्थल की बारिकी से सर्चिंग के दौरान 1 अज्ञात पुरूष माओवादियों तथा एक महिला नक्सली के शव सहित नक्सली साहित्य, हत्यार व अन्य सामग्री बरामद की गई। इसी तरह थाना पामेड़ क्षेत्रांतर्गत घटना 29 जनवरी को ग्राम कावरगट्टा के जंगल पहाड़ में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई थी। घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान 2 अज्ञात पुरूष माओवादीओं के शव सहित अन्य नक्सल सामग्री एवं हथियार बरामद किया गया है। थाना भोपालपटनम एवं फरसेगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम अन्नापुर एवं मट्टीमरका के बीच जंगल पहाड़ में नक्सली मुठभेड़ हुई थी जिसमें सर्चिंग के दौरान 4 पुरूष माओवादियों के शव एवं 8 महिला माओवादि के शव सहित हथियार व अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया है।

### महंगाई बढ़ने से उपभोक्ताओं की कट रही जेब

# सब्जियों के दाम से लेकर किराना सामान तक हुआ महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सर्दी का सीजन खत्म होने के बाद भी सब्जियों की महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही। जहां पत्तागोभी, मूली, हरा मटर और कुंदरू जैसी कुछ सब्जियां सस्ती दाम पर बिक रही हैं, वहीं करेला, भिंडी, ग्वार फली, बरबटी जैसी हरी सब्जियां अब भी ऊंचे दाम पर बिक रही हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार शाम को जब भीड़ बढ़ी, तो ग्राहकों ने महंगी सब्जियों के बजाय सस्ती और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दी। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि इन सब्जियों के दाम दूसरे राज्यों से आपूर्ति बढ़ने की वजह से बढ़े हैं।

**बाजार में सब्जियों के दाम**

भटा 30 रु, गाजर 40 रु, कुंदरू 80 रु, करेला 100 रु, बरबटी 80 रु, ग्वारफली 80 रु, कद्दू 40 रु, टमाटर 10 रु, गोभी 40 रु, केला -40 रु, पत्तागोभी 40 रु, डोड़का 40 रु, तोरई 80 रु, लौकी - 20 रु, शिमला मिर्च 60 रु, परवल - 60 रु, कटहल 80 रु, सेमी 30 रु, नवलगोल 10 रु, मटर -30 रु, मेथी 50 रु प्रति किलो बिक रहे थे।

इसके अलावा किराना सामान की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। आलू 15 से 20 रु, प्याज 25 से 30 रु, शक्कर 43 रु, गुड़ 55 रु, हल्दी 200 रु, मिर्च खड़ी 250 रु, धनिया 150 रु, जीरा 270 रु, काली मिर्च 800 रु, लहसुन 130 रु, रिफाइंड तेल 130 रु, सरसों 90 रु, मेथी 80 रु, अरहर दाल 120 रु, मूंग दाल 100 रु, उड़द दाल 100 रु, मसूर दाल 85 रु, काबुली चना 120 रु, चना देसी 70 रु, सफेद मटर 60 रु, हरा मटर 100 रु, चना दाल 85 रु, पोहा 50 रु, खड़ा मसूर 75 रु किलो बिक रहा था। अंडे का दाम भी 70 रु प्रति दर्जन था।

महंगी सब्जियों और किराना सामान के दाम ने ग्राहकों की जेब पर जोरदार दबाव बना दिया है और इसका असर उनकी खरीदारी पर भी दिखाई दे रहा है।

व्यापारियों की मानें तो महंगाई की वजह से सस्ते विकल्प ही ज्यादा बिक रहे हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में दाम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं।

## बरसात में जलभराव, गंदगी एवं आवागमन में होती है परेशानी



■ सोरिद वार्ड के काली मंदिर के पीछे निवासरत लोगों ने महापौर सभापति को बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोरिद वार्ड के काली मंदिर के पीछे निवासरत नागरिकों ने क्षेत्र में व्याप्त जर्जर सड़क एवं नाली की गंभीर समस्या से महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन को अवगत कराया। नागरिकों ने बताया कि सड़क की स्थिति खराब होने तथा नालियों के क्षतिग्रस्त होने से बरसात के दिनों में जलभराव, गंदगी एवं आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से इस क्षेत्र में सड़क व नाली निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। समस्या सुनते हुए महापौर रामू रोहरा ने मौके पर ही अधिकारियों से जानकारी ली और नागरिकों को आश्वस्त किया कि शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र का तकनीकी सर्वे कर सड़क एवं नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया जाए, ताकि जल्द से जल्द कार्य स्वीकृत कराकर समस्या का निराकरण किया जा सके।

## श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग का जीवंत उदाहरण है : ओंकार



■ बलियारा में आयोजित रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू ग्राम बलियारा में आयोजित रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग, कर्तव्य और सेवा की भावना का जीवंत उदाहरण है। उनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। श्रीराम का चरित्र केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का मार्गदर्शक है। यदि हम उनके आदर्शों को आत्मसात करें तो समाज में समरसता, न्याय और भाईचारा स्वतः स्थापित होगा। ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष खिलेंद्र ध्रुव ने कहा कि रामायण भारतीय संस्कृति और मूल्यों की आत्मा है। श्रीराम का जीवन हमें संयम, अनुशासन और लोककल्याण की सीख देता है। खिलेंद्र ध्रुव ने कहा कि गांव-गांव में रामायण जैसे सांस्कृतिक आयोजनों का होना सामाजिक एकता को मजबूत करता है और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के दौरान रामायण मंडली के कलाकारों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर राकेश मौर्य, बंटी ध्रुव, विज्जु रामटेके, प्रीतम साहू, श्रीमती चुम्मन कंवर सरपंच, देवलाल साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, सुदर्शन ठाकुर, रामकुमार ध्रुव, अशोक गुप्ता, धर्मेंद्र पटेल, थान सिंह कंवर, पन्नालाल साहू, कपिल साहू, चन्दन साहू, जमुना बाई निर्मलकर, रामलाल साहू बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कबीर साहेब ने समाज को सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी : अर्धनाम साहेब

■ लिमतरा में कबीर सत्संग का आयोजन, पूर्व विधायक ने लिया संतों से आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





लिमतरा स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम में आयोजित त्रिदिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह में सत्संग श्रवण करने एवं कबीर साहेब संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू शामिल हुईं। उन्होंने संत कबीर परंपरा के प्रमुख पंथ श्री हजूर अर्धनाम साहेब एवं पूज्य श्री धर्माधिकारी सुधाकर साहेब सहित संत महात्माओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह के मुख्य संत पंथी हजूर अर्धनाम साहेब ने कहा कि संत कबीर साहेब का संदेश मानव मात्र के कल्याण, सत्य, प्रेम और समानता पर आधारित है। कबीर साहेब ने समाज को जात-पात, ऊंच-नीच, आडंबर और दिखावे से दूर रहकर सच्चे सद्गुरु की शरण में आने तथा नाम सुमिरन, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। सुधाकर साहेब ने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में कबीर साहेब की वाणी समाज को आपसी भाईचारे, नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना की ओर अग्रसर करती है। इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि संतों का सान्निध्य मनुष्य के जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। संत कबीर साहेब की शिक्षाएं समाज को जोड़ने, सद्भाव बढ़ाने और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। हमें उनके बताए आदर्शों, सत्य, प्रेम, करुणा, सेवा और समानता को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करना चाहिए, तभी ऐसे आयोजनों की वास्तविक सार्थकता सिद्ध होगी। मौके पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती पूर्णिमा बनपेला, भेष साहू, हरदेव चंद्राकर, आनंद चंद्राकर, द्वारका साहू, अश्वनी साहू, वीरेंद्र ध्रुवंशी, मूलचंद अग्रवाल, घनश्याम सिंह साहू, गौतम साहू, अमरदास साहू, प्रेमलाल साहू, खुमान साहू, धनंजय, शत्रुघ्न सहित सत्संग धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

## रमेश 37 वीं बार बने मिस्टर छत्तीसगढ़



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिविक सेंटर भिलाई में 5 फरवरी को भिलाई मड़ई का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप रखी गई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मास्टर वर्ग में धमतरी के अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर हिरवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 37 वीं बार मिस्टर छत्तीसगढ़ का ख़िताब जीता। इस प्रतियोगिता में कन्हैया ग्वाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दिव्यांग वर्ग में दुष्यंत कुमार ध्रुव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। देवेश धीवर जूनियर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ये सभी खिलाड़ी धमतरी के आरएच फिटनेस क्लब रामपुर के खिलाड़ी हैं। ज्ञात हो कि अंतर्राष्टीय बॉडी बिल्डर रमेश कुमार हिरवानी ने सन 2018 में विश्व बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। यह चैंपियनशिप थाईलैंड में हुई थी। 2019 में एशिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह चैंपियनशिप इंडोनेशिया में हुई थी।



## ग्रामीणों को अपने ही गांव में मिल रहा काम

■ वीबी जी राम जी योजना के तहत गोरेगांव में रोजगार दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



वीबी जी राम जी योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरेगांव में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यस्थल पर चल रहे मिट्टी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें मिल रहे रोजगार और योजनाओं की जानकारी दी गई।

ग्राम पंचायत गोरेगांव में संचालित मिट्टी सड़क निर्माण कार्य के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है और ग्रामीणों को अपने ही गांव में काम मिल रहा है। इस दौरान सरपंच कन्हैयालाल नाग, उपसरपंच जीवन यादव एवं पचगणों की उपस्थिति में रोजगार दिवस मनाया गया। सरपंच ने कहा कि इस तरह के कार्यों से गांव के विकास के साथ-साथ ग्रामीणों की आजीविका भी सुदृढ़ हो रही है। ग्रामीणों ने भी रोजगार उपलब्ध कराने और विकास कार्यों को गति देने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना की। पंचायत द्वारा भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही गई।

## कंडेल स्कूल के 38 स्वयंसेवकों ने दी परीक्षा



**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में ए प्रमाण-पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। मुख्य परीक्षक के रूप में शेषनारायण गजेंद्र कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा रहे। 38 स्वयंसेवकों से मौखिक एवं लिखित परीक्षा ली गई। मुख्य परीक्षक श्री गजेंद्र ने रासेयो से व्यक्तित्व विकास एवं रासेयो के ध्येय वाक्य मैं नहीं तुम, को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा संचालन में सहायक कार्यक्रम अधिकारी छत्रपाल पटेल का भी योगदान रहा। प्राचार्य राहुल नेताम ने आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए कड़ा परिश्रम करने प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय के व्याख्याता एस के यादव, हेमलता सोनी, श्रीमती नीतू, रानी गुप्ता सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन में दिखी छग की संस्कृति व परंपरा की झलक

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में अंगिरा ऋषि शिक्षण समिति घठुला एवं संयोजन समिति संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उमरगांव में मातृ सम्मेलन सह वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागचंद बिसेन खंड सहसंचालक आरएसएस नगरी थे। अध्यक्षता देवेन्द्र सेन संयोजक सशिमं उमरगांव ने की। विशेष अतिथि क्षमा साहू जनपद सदस्य, अंजना ध्रुव सरपंच, कुशलाल चतुर सरपंच रानीगांव, दिलीप सोम सरपंच मल्हारी, मोतीलाल दिवाकर खंड कार्यवाह आरएसएस नगरी, अंगेश हिरवानी पत्रकार, पेमेन्द्र पटेल सचिव अंगिरा ऋषि शिक्षण समिति, लालसिंह साहू अध्यक्ष सशिमं, सीताराम साहू अध्यक्ष पालक समिति, सुभाषिनी मरकाम, हुलसी ध्रुव, कोमल यादव, शोभित नेताम थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## आंगनबाड़ी के 20 बच्चों का हुआ विद्यारंभ संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम मुजगहन स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 में गायत्री परिवार महिला मंडल मुजगहन के तत्वावधान में 20 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल के आचार्यों द्वारा पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश एवं माता सरस्वती का पूजन कराया गया। इसके पश्चात बच्चों को पट्टी, दवात, लेखनी प्रदान कर गुरु पूजन कराया गया।

गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि यह आयोजन आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य बालक-बालिकाओं में शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करना तथा उनके बौद्धिक विकास की मजबूत नींव रखना है। उन्होंने कहा कि विद्यारंभ संस्कार बच्चों को अध्ययन के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में महिला मंडल की आचार्य श्रीमती रजन गंगवंशी, तेजेश्वरी साहू, टेमेश्वरी साहू, राधिका साहू एवं गायत्री नेताम की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विभागीय सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी प्रभारी श्रीमती रीता साहू, कविता ध्रुव, दिनेश्वरी ध्रुव, पालकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जनपद कार्यालय में वीबी जी-राम-जी योजना का किया प्रचार-प्रसार

**कुरूद।** जनपद पंचायत कुरुद में वीबी जी-राम-जी से संबंधित पाम्पलेट का वितरण कर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को योजना-कार्यक्रम के उद्देश्यों, लाभों एवं सहभागिता के प्रति जागरूक करना रहा। जनपद पंचायत परिसर सहित आसपास के क्षेत्र में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को पाम्पलेट वितरित किए गए जिससे अधिक से अधिक लोग इस पहल से जुड़ सके। कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित सेन ने पाम्पलेट वितरण अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि योजनाओं की सही जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए केवल कार्यालयीन स्तर पर कार्य करना पर्याप्त नहीं है जनसंपर्क और जागरूकता अभियान अत्यंत आवश्यक है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020